**भारत सरकार**
**शिक्षा मंत्रालय**
**स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग**
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या- 238**
**उत्तर देने की तारीख-17/03/2025**

## महाराष्ट्र में शैक्षिक योजनाएं/परियोजनाएं

**†*238. प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़:**
**श्रीमती सुप्रिया सुले:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार शिक्षा के क्षेत्र से संबंधित कोई योजना/परियोजना कार्यान्वित कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान शिक्षा के क्षेत्र से संबंधित विभिन्न योजनाओं/परियोजनाओं के लिए महाराष्ट्र को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का योजनावार/परियोजनावार ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में इसके अंतर्गत लाभार्थियों की जिलावार संख्या कितनी है;

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से लाभार्थियों का योजनावार और जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ङ.) विगत तीन वर्षों के दौरान इन योजनाओं के अंतर्गत जिलावार कुल कितनी परियोजनाओं/प्रस्तावों को स्वीकृत/अनुमोदित किया गया है और उनकी लागत कितनी है;

(च) शिक्षा की सुलभता में क्षेत्रीय असमानताओं को दूर करने के लिए वर्तमान सरकारी योजनाओं के अंतर्गत कितने नए विद्यालयों/शैक्षणिक संस्थानों की योजना है;

(छ) क्या सरकार नियमित रूप से शैक्षिक योजनाओं का मूल्यांकन कर रही है और उनकी सफलता को मापने के लिए कौन से मापदंड उपयोग किए जा रहे हैं; और

(ज) सरकार द्वारा वर्तमान शिक्षा योजनाओं के मूल्यांकन में पहचानी गई कमियों को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**शिक्षा मंत्री**
**(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ज) एक विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है।

*****

**महाराष्ट्र में शैक्षिक योजनाओं/परियोजनाओं के संबंध में माननीय संसद सदस्य प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ और श्रीमती सुप्रिया सुले द्वारा पूछे गए दिनांक 17 मार्च, 2025 के तारांकित प्रश्न संख्या 238 के भाग (क) से (ज) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) से (ज): शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में है, और अधिकांश स्कूल और स्कूलों/संस्थानों में अवसंरचनात्मक गतिविधियों का कार्यान्वयन संबंधित राज्य और संघ राज्यक्षेत्र सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आता है।

समग्र शिक्षा, पीएम श्री, पीएम पोषण, स्टार्स, उल्लास और पीएम उषा योजनाओं को शिक्षा मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। शिक्षा समवर्ती सूची का विषय होने के कारण राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उनकी आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के आधार पर वार्षिक योजनाएँ तैयार की जाती हैं। इसके बाद शिक्षा मंत्रालय द्वारा इन योजनाओं का मूल्यांकन और अनुमोदन संबंधित योजनाओं के कार्यक्रम और वित्तीय मानदंडों और पहले से स्वीकृत व्यवस्थाओं के लिए राज्य की वास्तविक और वित्तीय प्रगति के अनुसार किया जाता है।

**समग्र शिक्षा**

विभाग ने वर्ष 2018-19 से पूर्ववर्ती केंद्र प्रायोजित योजनाओं सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए), राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (आरएमएसए) और शिक्षक शिक्षा (टीई) को समाहित करके स्कूल शिक्षा हेतु एक एकीकृत योजना - समग्र शिक्षा शुरू की है। समग्र शिक्षा योजना को अब एनईपी 2020 की सिफारिशों के साथ जोड़ दिया गया है और इसे दिनांक 01.04.2021 से 31.03.2026 तक पांच वर्ष की अवधि के लिए जारी रखा गया है। पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के लिए महाराष्ट्र राज्य में समग्र शिक्षा योजना के तहत जारी केंद्र की हिस्सेदारी का ब्यौरा इस प्रकार है:

(रुपये लाख में)

| 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
|---|---|---|---|
| 69302.88 | 90000.00 | 99879.10 | 76912.31 |

**<u>राज्यों के लिये शिक्षण-अधिगम और परिणाम सुदृढ़ीकरण (स्टार्स)</u>**

राज्यों के लिए शिक्षण-अधिगम और परिणाम सुदृढ़ीकरण (स्टार्स) कार्यक्रम को छह राज्यों हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, ओडिशा और केरल में केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में 5 वर्षों की अवधि, अर्थात वित्त वर्ष 2020-21 से वित्त वर्ष 2024-25 तक के लिए लागू किया जा रहा है। इस परियोजना में चयनित राज्यों में छात्रों के परिणामों में सुधार और चयनित राज्यों में स्कूल शिक्षा के प्रशासन की परिकल्पना की गई है। परियोजना के लक्षित लाभार्थी 3 से 18 वर्ष की आयु के बच्चे (प्री-स्कूल से कक्षा 12 तक) शिक्षा संस्थान और शिक्षक शामिल हैं।

पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान महाराष्ट्र राज्य में स्टार्स योजना के अंतर्गत जारी केन्द्र की हिस्सेदारी का ब्यौरा निम्नानुसार है

(लाख रुपये में)

| 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
|---|---|---|---|
| 2470.64 | 2246.09 | 15626.32 | 7535.77 |

**<u>पीएम श्री स्कूल</u>**

पीएम श्री स्कूल केंद्र सरकार/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार/स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित स्कूलों में से मौजूदा स्कूलों को सुदृढ़ बनाकर स्थापित किए गए हैं। ये स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सभी पहलों को प्रदर्शित करते हैं और अनुकरणीय स्कूल हैं और पड़ोस के अन्य स्कूलों को नेतृत्व भी प्रदान करते हैं। वे अपने-अपने क्षेत्रों में एक समान, समावेशी और आनंदमय स्कूली माहौल में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने में नेतृत्व प्रदान करते हैं जो बच्चों की विविध पृष्ठभूमि, बहुभाषी आवश्यकताओं और विभिन्न शैक्षणिक क्षमताओं का ध्यान रखता है और उन्हें एनईपी 2020 के दृष्टिकोण के अनुसार अपनी स्वयं की अधिगम की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाता है।

इस योजना के तहत केंद्र सरकार/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार/स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित स्कूलों में से मौजूदा स्कूलों को सुदृढ़ बनाकर 14500 से अधिक पीएम श्री स्कूल स्थापित करने का प्रावधान है, जिनमें से 12,505 पीएम श्री स्कूल चुने गए हैं। पीएम श्री योजना के तहत महाराष्ट्र राज्य से कुल 827 स्कूलों का चयन किया गया है, जिसमें 207 प्राथमिक स्कूल, 468 प्राथमिक स्कूल, 110 माध्यमिक स्कूल और 42 वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल शामिल हैं।

वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए महाराष्ट्र राज्य में पीएम श्री योजना के अंतर्गत जारी केंद्र के हिस्से का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(रुपये लाख में)

| **2023-24** | **2024-25** |
|---|---|
| 6340.55 | 7099.85 |

**<u>पीएम-पोषण</u>**

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) योजना राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की साझेदारी में लागू की गई सबसे प्रमुख अधिकार आधारित केंद्र प्रायोजित योजनाओं में से एक है। इस योजना के पात्र बच्चों को पका हुआ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की समग्र जिम्मेदारी राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों की है। निर्धारित पोषण सामग्री को पूरा करने के लिए राज्य और संघ राज्य क्षेत्र अपनी स्थानीय जरूरतों के अनुसार अपना मेनू तय करते हैं। पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के लिए महाराष्ट्र राज्य में पीएम पोषण योजना के तहत जारी केंद्र की हिस्सेदारी का ब्यौरा इस प्रकार है:

(रुपये लाख में)

| **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** |
|---|---|---|---|
| 49075.07 | 159240.67 | 79372.10 | 42744.56 |

**<u>उल्लास – न्यू इंडिया लिटरेसी प्रोग्राम (एनआईएलपी)</u>**

उल्लास, जिसका अर्थ है समाज में सभी के लिए आजीवन अधिगम की समझ, एक केंद्र प्रायोजित

योजना है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप है और इसे वर्ष 2022-23 से वर्ष 2026-27 तक लागू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के उन व्यक्तियों को शिक्षा के अवसर प्रदान करना है, जिन्होंने औपचारिक स्कूल शिक्षा नहीं ली है और जो निरक्षर हैं। वर्ष 2022-23 और वर्ष 2023-24 के लिए महाराष्ट्र राज्य में उल्लास योजना के तहत जारी केंद्र की हिस्सेदारी का ब्यौरा इस प्रकार है:

(रुपये लाख में)

| **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** |
|---|---|---|
| 567.52 | शून्य* | शून्य |

*खर्च की गति कम होने के कारण

**<u>पीएम उषा (पूर्ववर्ती (राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा))</u>**

सरकार ने जून 2023 में शैक्षणिक रूप से असेवित/अल्पसेवित क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वर्ष 2023-24 से वर्ष 2025-26 की अवधि के लिए प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) के रूप में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) का तीसरा चरण शुरू किया है। पीएम-उषा के तहत, 2023-24 और 2024-2025 में महाराष्ट्र में 61 इकाइयों को अनुमोदित किया गया है। महाराष्ट्र राज्य में पीएम-उषा के तहत जारी केंद्र की हिस्सेदारी का ब्यौरा इस प्रकार है:

(रुपये करोड़ में)

| **2023-24** | **2024-25** |
|---|---|
| 21.25 | 0.01 |

यूडीआईएसई के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2021-22 से वर्ष 2023-24 के लिए प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक सरकारी स्कूलों में नामांकित कुल छात्रों का ब्यौरा, जो महाराष्ट्र में जिले-वार योजनाओं के लाभार्थी हैं, **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

पिछले तीन वर्षों में उल्लास योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या - 4,59,994 (17-03-2024 को एफ़एलएनएटी में उपस्थित हुए कुल शिक्षार्थी) जैसा कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रदान किया गया है, **अनुलग्नक- II** में दिया गया है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में पीएम-उषा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों का जिला-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-III** में दिया गया है।

केंद्र प्रायोजित योजना के तहत लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) लेनदेन संबंधित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र द्वारा किया जाता है। जबकि केंद्रीय क्षेत्र की योजना "राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसएस)" में छात्रवृत्ति राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे छात्रों के बैंक खातों में जमा की जाती है और राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को धनराशि जारी नहीं की जाती है।

विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान एनएमएमएसएस के तहत महाराष्ट्र राज्य के संबंध में स्वीकृत निधियों और छात्रवृत्तियों की संख्या का ब्यौरा:

| क्रं. सं. | वित्तीय वर्ष | छात्रवृत्ति की संख्या (नया+ नवीनीकृत) | स्वीकृत राशि (लाख रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2021-22 | 36424 | 4370.88 |
| 2 | 2022-23 | 37730 | 4527.60 |
| 3 | 2023-24 | 37953 | 4554.36 |
| 4 | दिनांक 12.03.2025 तक की स्थिति के अनुसार आंकड़े 2024-25 | 35458 | 4254.96 |

(छ) और (ज): सरकार समय-समय पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ नियमित ऑनलाइन/वास्तविक समीक्षा बैठकों के माध्यम से प्रभावी कार्यान्वयन के लिए शैक्षिक योजनाओं की समीक्षा करती है, जहां समझी गई आवश्यकता और अपेक्षा के आधार पर पहचाने गए किसी भी कमी का मूल्यांकन किया जाता है और मौजूदा प्रक्रिया के अनुसार अनुमोदित किया जाता है।

*****

**अनुलग्नक-I**

**महाराष्ट्र में शैक्षिक योजनाओं/परियोजनाओं के संबंध में माननीय संसद सदस्य प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ और श्रीमती सुप्रिया सुले द्वारा पूछे गए दिनांक 17 मार्च, 2025 के तारांकित प्रश्न संख्या 238 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

महाराष्ट्र में वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक यूडीआईएसई डेटा के अनुसार प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक सरकारी स्कूलों में नामांकित कुल विद्यार्थियों, जो जिलेवार योजनाओं के लाभार्थी हैं का ब्यौरा।

| क्रं. सं. | जिलों का नाम | सरकारी स्कूलों(ग्रेड प्री-प्राइमरी से XII) में कुल नामांकन | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
| 1 | अहमदनगर | 244803 | 234034 | 225369 |
| 2 | अकोला | 89235 | 80386 | 77046 |
| 3 | अमरावती | 157505 | 148325 | 146748 |
| 4 | औरंगाबाद (महाराष्ट्र) | 253147 | 228373 | 74618 |
| 5 | भंडारा | 78924 | 77170 | 150733 |
| 6 | बीड | 183392 | 162766 | 168500 |
| 7 | बुलढाना | 189758 | 176923 | 107951 |
| 8 | चंद्रपुर | 117495 | 112090 | 220176 |
| 9 | धुले | 111979 | 101654 | 102440 |
| 10 | गडचिरौली | 88054 | 85661 | 101459 |
| 11 | गोंडिया | 94449 | 91416 | 83976 |
| 12 | हिंगोली | 105715 | 95207 | 89309 |
| 13 | जळगाव | 212667 | 200095 | 89027 |
| 14 | जालना | 164750 | 149477 | 190135 |
| 15 | कोल्हापूर | 199654 | 187451 | 137331 |
| 16 | लातूर | 126788 | 110220 | 177377 |
| 17 | मुंबई (उपनगरीय) | 318248 | 306218 | 102296 |
| 18 | मुंबई II | 23985 | 22828 | 328168 |
| 19 | नागपुर | 120366 | 114076 | 22206 |
| 20 | नांदेड़ | 232358 | 207841 | 110362 |
| 21 | नंदुरबार | 135195 | 130372 | 196863 |
| 22 | नासिक | 376219 | 363999 | 127369 |
| 23 | उस्मानाबाद | 124130 | 107880 | 356258 |
| 24 | पालघर | 216573 | 210069 | 207603 |
| 25 | परभनी | 134466 | 120444 | 112796 |
| 26 | पुणे | 447384 | 435784 | 438802 |
| 27 | रायगढ़ (महाराष्ट्र) | 113057 | 109728 | 108805 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 28 | रत्नागिरी | 76850 | 71189 | 66725 |
| 29 | सांगली | 135141 | 127010 | 122907 |
| 30 | सतारा | 142390 | 132509 | 124727 |
| 31 | सिंधुदुर्ग | 37314 | 35449 | 33383 |
| 32 | सोलापुर | 230466 | 213511 | 206229 |
| 33 | ठाणे | 229129 | 214804 | 218883 |
| 34 | वर्धा | 56990 | 54998 | 51691 |
| 35 | वाशिम | 81683 | 74611 | 70321 |
| 36 | यवतमाल | 202835 | 186589 | 176982 |

स्रोत: यूडाइज़+

**<u>अनुलग्नक- II</u>**

**महाराष्ट्र में शैक्षिक योजनाओं/परियोजनाओं के संबंध में माननीय संसद सदस्य प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ और श्रीमती सुप्रिया सुले द्वारा पूछे गए दिनांक 17 मार्च, 2025 के तारांकित प्रश्न संख्या 238 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

**विगत तीन वर्षों में उल्लास योजना के अंतर्गत लाभार्थियों (आज तक एफ़एलएनएटी में उपस्थित कुल शिक्षार्थी) की संख्या का ब्यौरा – 4,59,994**

| क्रं.सं. | **ज़िले का** नाम | **एफ़एलएनएटी परीक्षा तारीख – 17/03/2024 में शामिल होने वाले गैर साक्षर व्यक्तियों की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | नंदुरबार | 16216 |
| 2 | धुले | 10180 |
| 3 | जलगांव | 40710 |
| 4 | बुलढाना | 10712 |
| 5 | अकोला | 19369 |
| 6 | वाशिम | 11318 |
| 7 | अमरावती | 25582 |
| 8 | वर्धा | 1359 |
| 9 | नागपुर | 7464 |
| 10 | भंडारा | 8254 |
| 11 | गोंदिया | 8470 |
| 12 | गडचिरोली | 34242 |
| 13 | चंद्रपुर | 26671 |
| 14 | यवतमाल | 12452 |
| 15 | नांदेड़ | 18429 |
| 16 | हिंगोली | 9075 |
| 17 | परभनी | 14788 |
| 18 | जलना | 11304 |
| 19 | छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) | 15319 |
| 20 | नासिक | 25215 |
| 21 | ठाणे | 16683 |
| 22 | मुंबई (उपनगरीय) | 10347 |

| | | |
|---|---|---|
| 23 | मुंबई II | 1891 |
| 24 | रायगढ़ | 7704 |
| 25 | पुणे | 9387 |
| 26 | अहमदनगर | 8694 |
| 27 | बीड | 12145 |
| 28 | लातूर | 3343 |
| 29 | धाराशिव (उस्मानाबाद) | 4061 |
| 30 | सोलापुर | 17847 |
| 31 | सतारा | 3955 |
| 32 | रत्नागिरि | 13470 |
| 33 | सिंधुदुर्ग | 225 |
| 34 | कोल्हापुर | 2346 |
| 35 | सांगली | 7427 |
| 36 | पालघर | 13340 |
| कुल | | 459994 |

**अनुलग्नक-III**

**महाराष्ट्र में शैक्षिक योजनाओं/परियोजनाओं के संबंध में माननीय संसद सदस्य प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ और श्रीमती सुप्रिया सुले द्वारा पूछे गए दिनांक 17 मार्च, 2025 के तारांकित प्रश्न संख्या 238 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

**पिछले तीन वर्षों और चालू वित्त वर्ष के दौरान पीएम-उषा के तहत महाराष्ट्र में स्वीकृत परियोजनाओं का जिलावार ब्यौरा**

| क्रं. सं. | जिलों का नाम | स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अहमदनगर | 1 |
| 2 | अकोला | 2 |
| 3 | अमरावती | 3 |
| 4 | औरंगाबाद | 3 |
| 5 | बीड | 1 |
| 6 | भंडारा | 1 |
| 7 | बुलढाना | 1 |
| 8 | चंद्रपुर | 1 |
| 9 | छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) | 1 |
| 10 | धुले | 1 |
| 11 | गडचिरोली | 3 |
| 12 | गोंदिया | 1 |
| 13 | हिंगोली | 1 |
| 14 | जलगांव | 2 |
| 15 | जलना | 2 |
| 16 | कोल्हापुर | 3 |
| 17 | लातूर | 2 |
| 18 | मुंबई | 4 |
| 19 | मुंबई उपनगरीय | 1 |
| 20 | नागपुर | 2 |
| 21 | नांदेड़ | 4 |
| 22 | नंदुरबार | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| 23 | नासिक | 1 |
| 24 | उस्मानाबाद | 2 |
| 25 | पालघर | 1 |
| 26 | परभनी | 1 |
| 27 | पुणे | 1 |
| 28 | रायगढ़ | 1 |
| 29 | रत्नागिरि | 1 |
| 30 | सांगली | 1 |
| 31 | सतारा | 1 |
| 32 | सिंधुदुर्ग | 1 |
| 33 | सोलापुर | 3 |
| 34 | ठाणे | 1 |
| 35 | वर्धा | 1 |
| 36 | वाशिम | 2 |
| 37 | यवतमाल | 1 |
| | एमएमईआर | --- |
| **कुल योग** | | **61** |